nandgaon times april-23-02.qxd 4/22/2024 11:57 PM Page 1

कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित... पृष्ठ 2 | रक्तदान महादान - मानव सेवा का... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 23 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 190, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# मठ-मंदिरों और संपत्ति पर कांग्रेस की नजर : अमित शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के मठ मंदिरों पर कांग्रेस की नजर है। यहां का पैसा कहां जाने वाला है? मनमोहन सिंह की बात याद करो, उन्होंने कहा था कि संसाधन, रेवेन्यू पर पहला अधिकार माइनोरिटी का है। हम कहते हैं कि पहला हक गरीबों, दलितों और आदिवासियों का है। शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को मिर्ची लगी है। मोदी जी ने उनके घोषणा पत्र में से सबकी संपत्ति का सर्वे कराने का निर्देश दिया तो प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रही है। राहुल गांधी इसे स्पष्ट करें। क्यों करना है इस सर्वे को? अमित शाह ने ये बातें कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के प्रचार के दौरान कही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है। इसलिए इनके नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं पहुंचे। ये सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। भाजपा के कार्यकाल में बड़े-बड़े फैसले लिए गए जो 70 सालों में नहीं लिए गए। आतंकवाद को समाप्त किया। कश्मीर से धारा 370 हटाया। देशभर से नक्सलवाद को खत्म किया आने-वाले दो से तीन सालों में छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। मोदी जी ने बीते 10 वर्षों में बहुत बड़ा परिवर्तन किया। नरेंद्री मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा भी। मित शाह ने कहा कि भाजपा ने देश के कई राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा कर चुकी है। दो से तीन सालों में छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। रांची में आरजेडी और कांग्रेस की ढ्ढह्लष्ठढ्ढ अलायंस की मीटिंग में कुर्सियां चलाई गईं, आपस में ही लाठियां भांज रहे हो,आपस में ही लड़ रहे हो, देश को क्या एकजुट रखेंगे।

मोदी जी ने 200 करोड़ रुपयों से 10 आदिवासी संग्रहालय स्वतंत्रता सेनानियों के बनाए। शाह बोले- वोट बैंक के कारण



कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए। 3 महीने में जो जनकल्याणी योजनाओं को पूरा करने का अंतर पूरे देश में किसी सरकार ने किया है तो उसका अंतर आपके सामने है। कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को लटका कर रखा । कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को लटका कर रखा । राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं 4 दशक तक छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए क्या किया हमने आतंकवाद खत्म किया अब नक्सलवाद समाप्ति के कगार में है। विष्णुदेव साय की सरकार में 90 से नक्सलवादियों मार गिराया, 123 गिरफ्तार हुए और 250 लोग सरेंडर किया। हम सब के अपने जीवन में 17 को देश ने एक दृश्य देखा 500 वर्षो बाद भगवान राम लला ने अपने जन्मदिवस अपने मंदिर में मनाया। बिहार झारखंड तेलंगाना कई राज्यों से नक्सलवाद समाप्त किया। नक्सलियों से समर्पण करने की बात कहते हुए कहा कि समर्पण कर दे वरना ये लड़ाई जारी रहेगी। 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का इलाज फ्री कर दिया है। 500 वर्षों से टेंट में बैठे रामलला ने अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाया, जहां उनका सूर्यतिलक किया गया। मोदी जी ने बीते 10 वर्षों में बहुत बड़ा परिवर्तन किया। मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा भी है। कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने देश में शासन किया, लेकिन कांग्रेन ने छत्तीसगढ़ के लिए क्या किया? देश के 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया। अब आगे के लिए मोदी जी की गारंटी है कि 70 वर्ष से अधिक के आयु वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज दिया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का जम्मू-कश्मीर से क्या लेना देना है। खड़गे जी, आपकी और राहुल बाबा की चाहे जो सोच हो लेकिन कश्मीर के लिए छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा अपनी जान देने के लिए तैयार है। इस देश से नरेन्द्र मोदी जी ने आतंकवाद को समाप्त किया और नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है। छत्तीसगढ़ में 5 साल तक भूपेश बघेल की सरकार थी, नक्सलवादियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। आपने हम पर कृपा की और विष्णुदेव जी को मुख्यमंत्री बनाया और 4 ?महीने में ही 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को समाप्त किया गया, 123 लोग गिरफ्तार हुए, 250 लोगों ने सरेंडर किया।

## भूपेश बघेल जैसे दागदार चेहरे को प्रत्याशी बनाकर कॉग्रेस ने राजनंदगांव का चुनाव आसान कर दिया है- विष्णुदेव साय

**रायपुर/राजनंदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** राजनंदगांव प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है राजनंदगांव सीट पर चुनाव की प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा की कांग्रेस ने भूपेश बघेल जैसे दागदार चेहरे को प्रत्याशी बनाकर राजनंदगांव का चुनाव बेहद आसान कर दिया है 7 राजनंदगांव सीट वैसे भी भारतीय जनता पार्टी जीत रही थी परन्तु कांग्रेस ने जिसप्रकार सरकार से संगठन तक भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे,छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला,गोबर घोटाला,राशन घोटाला,कोयला घोटाला,महादेव सट्टा एप घोटाला एवं डी एम् ?फ़ घोटाला करने वाले



भूपेश बघेल को राजनंदगांव से प्रत्याशी बनाकर राजनंदगांव में एक प्रकार से हथियार डालने का कार्य किया है। श्री साय ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की जनता का हक़ छीनने का कार्य किया है,छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का कार्य किया है 7 छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश के नेतृत्व को नकार चुकी है और अब राजनंदगांव की जनता भी छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को धोखा देने वाले भूपेश बघेल को भारी मतों से हरायेगी 7भूपेश बघेल का राजनांदगांव से सौतेला व्यवहार जनता भूली नहीं है।

## भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज कवर्धा एवं डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी



संतोष पांडे कल 23 अप्रैल मंगलवार को कवर्धा विधानसभा एवं डोंगरगाँव विधानसभा, क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा प्रत्याशी श्री पांडे कल सुबह 10:00 बजे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सहसपुर से अपना जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। इसके पश्चात वे डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में मुलाकात करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। फिर वे राजनांदगाँव शहर में हनुमान जयंती रैली में शामिल होंगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज राजनांदगांव व मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल राजनांदगांव व मोहला-मानपुर-



अं. चौकी जिला के ग्रामों में कल 23 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 10 बजे ककरेल, भेंडीकला, बोरी, डीलापहरी, इंदामरा, उसरीबोड़, मुड़पार, सुरगी, बुचीभरदा, मोखला, जांगलेशर, राजनांदगांव शहर हनुमान जयंती कार्यक्रम व अन्य पश्चात दैहान (छुरिया), आमाटोला, रेंगाकठेरा, कान्हे, पटेल पारा चौकी सांगली, बांधा बाजार, बादराटोला में जनसंपर्क करेंगे।

**बेगी हरो हनुमान महाप्रभु.......**

## जो भी भक्तगण हनुमान जी की आराधना करते हैं उनके सारे संकट हनुमान जी दूर करते है : गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी



(गुरु जी) सुंदरकांड की कथा में यह बताएं कि हनुमान जी प्रभु ही नहीं बल्कि महाप्रभु होते हैं, जो भी भक्तगण उनकी आराधना करते हैं हनुमान जी शीघ्रता से सारे संकट कष्ट दूर करते हैं, भगवान शिव महादेव होते हैं, देवों के देव होते हैं । उसी तरह जब हम भगवान की भक्ति करते हैं अपने आराध्य के शरण में रहते हैं तो हम पूज्य बन जाते हैं ,महाप्रभु बन जाते हैं, भगवान अपने भक्तों को हमेशा अपने से भी आगे देखना चाहते हैं । भगवान शिव भी पूरे समय भगवान राम के ध्यान में रहते हैं और राम शिव के ध्यान में होते हैं । बड़े से बड़े कार्य हनुमान जी आसानी से कर देते हैं ,कब किसके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए यह हनुमान जी से हमें प्रेरणा मिलती है, कभी बड़ा बन जाते हैं तो कभी छोटा बन जाते हैं हर प्रकार की शिक्षा हनुमानजी देते हैं, भगवान का कार्य कैसे करना चाहिए भगवान के कार्य पूरा हुए बिना विश्राम नहीं लेना चाहिए हनुमान जी करके दिखाते है। हनुमान जी के लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं होता है और जब हम हनुमानजी की आराधना करते हैं शनि की भी कृपा हम पर होती हैं।

**उलटि पलटि लंका सब जारी...**अर्थात लंका उल्टा पुल्टा नहीं होता है बल्कि लंका में रावण ने शनिदेव को उल्टा लटका दिया था, जब हनुमान जी देखें तो शनि देव को बंधन मुक्त करके सीधा कर देते हैं, और जब शनिदेव की दृष्टि लंका में पड़ जाती है पूरे लंका में वैसे ही आग लग जाती हैं । शनिदेव हनुमान जी को वचन देते हैं कि जो भी तुम्हारी पूजा सुंदरकांड की कथा करेगा उस पर मेरी कुदृष्टि नहीं होगी । हनुमान जी उसे मुक्त करते हैं इस तरह जब हम हनुमान जी की आराधना करते हैं उनकी पूजा करते हैं उनकी सुंदरकांड की कथा या पाठ श्रवण करते हैं तो शनिदेव की भी कृपा होती हैं। समस्त शिष्यों एवम देशवासियों को हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव की शुभकामनायें दिए।

## प्रेरणादाई पहल विवाह वर्षगांठ के शुभ अवसर पर मतदान करने का सामूहिक संकल्प लिया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने मत का मतदान अवश्य करें इसी तारतमय में संस्कारधानी राजनांदगांव में प्रेरणादाई पहल करते हुए विवाह वर्षगांठ के शुभ अवसर पर संस्कारधानी के नागरिक सौरभ खंडेलवाल एवं प्रतिभा खंडेलवाल ने अपने विवाह दिवस की शुभ अवसर पर उपस्थित जनों की उपस्थिति में मतदान स्वयं करने का संकल्प एवं अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का सामूहिक संकल्प लिया इस अवसर पर मौसमी शर्मा, कैलाश प्रीति गुप्ता, महेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल अरविंद आरती गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल योगेश साहू, दिनेश कीर्ति अग्रवाल, गोविंद जोशी, एवं अन्य उपस्थित जनों ने मतदान करने की इस पहल का स्वागत किया एवं संकल्प लिया ।

## प्राचीन जमात मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव में आज देवेन्द्र गोस्वामी का भजन प्रस्तुती देगें

### नगर में पहली बार भगवा वेश भूषा में सभी हनुमान भक्त भव्य शोभा यात्रा निकालेगी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के प्राचीन जमात हनुमान मंदिर में प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम 23 अप्रैल मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा श्री हनुमान मंदिर समिति के भक्तो ने बताया है कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के शोभा यात्रा में मंगलवार को सुबह 7 बजे नगर के किल्लापारा ठाकुर जुगल किशोर प्राचीन जमात हनुमान मंदिर से सदर लाइन होते हुए फोहारा चौक चौकी रोड मेनरोड श्री राम द्वार चौक पुराना बस स्टैंड बाजार चौक होते हुए डीजे साउंड सिस्टम और धुमाल पार्टी के साथ सभी हनुमान भक्त महिलाए पुरुष युवा वर्ग सभी लोग विशेष कर भगवा रंग के वेश भूषा में रहेंगे सभी भक्त धर्म प्रेमी भाई बहनों द्वारा जय श्री राम जय हनुमान के नारों से गुंजायमान होगी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण से पुराना बस स्टैंड मेनरोड और विभिन्न वार्डों में चारो ओर भगवा ध्वज फहराया गया है शोभा यात्रा के बाद सुबह से शाम तक श्री



राम भक्त श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में महाआरती पूजा अर्चना भी होगी इनके अलावा मंदिर प्रांगण में महाप्रसादी भोजन भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा

**हनुमान मंदिर में देवेन्द्र गोस्वामी भजन की प्रस्तुति देंगे**

श्री हनुमान मंदिर में हनुमान भक्त प्रेमी के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रसिद्ध भजन गायक देवेन्द्र गोस्वामी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो धार्मिक आयोजन में हमेशा अपनी सहभागिता बनाए रखते हैं देवेन्द्र गोस्वामी के द्वारा भगवान श्री राम चंद्र जी और उनके भक्त भगवान श्री हनुमान जी जन्मोत्सव को लेकर शानदार भजन प्रस्तुती रात्रि 7 बजे से हनुमान मंदिर डोंगरगांव में देर रात्रि तक चलेगी श्री हनुमान मंदिर समिति सदस्यों ने नगर और क्षेत्र के धर्म प्रेमी भाई बहनों को श्री हनुमान जन्मोत्सव का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## राजनंदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता भूपेश को सांसद ही नहीं देश का गृहमंत्री चुनने जा रही - आफताब

### छत्तीसगढ़ के हरितक्रांति के नायक बघेल को मिल रहा जनता का भरपूर आशीर्वाद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस नेता ऑफ्ताब आलम ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा की जनता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को न सिर्फ सांसद, बल्कि देश के अगले गृहमंत्री के रूप में चुनने जैसा एक अभुतपूर्व कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रीय नेतृत्व की निगाह में बघेल एक सक्षम और लोकप्रिय नेता हैं। उनमें साहसिक निर्णय लेने की झमता है . उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में समूचे राज्य के किसान, मजदूर और युवा सरकारी योजनाओं के जरिये उन्नति के रास्ते में बढ़े। छत्तीसगढ़ की जनता बघेल को हरितक्रांति के नायक के रूप में देखती है। इंडिया गठबंधन बघेल को देश के अगले गृहमंत्री का एक महत्वपूर्ण चेहरा मान रही है।

मोहला मानपुर चौकी ऐवम खैरागढ़ छुईखड़न गंडई जिले के निर्माता श्री भूपेश बघेल राजनांदगांव संसादिया क्षेत्र के विकास के लिऐ हमेशा सजक और संवेदनशील रहे है. आलम ने कहा कि भाजपा के पास बघेल को राजनीतिक रूप से घेरने का कोई मुद्दा नहीं रह गया है। देश में गौ-मीट का कारोबार करने वाली एक कंपनी से भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के जरिये 250 करोड़ रुपए का चंदा लिया। जबकि श्री बघेल जी ने गौवमाता को कामधेनु के रूप में अपनी योजनाएं के जरिए उपयोगिता सिद्ध की है.राजनांदगांव लोकसभा में



बघेल के पक्ष में जनता का समर्थन स्पष्ट दिख रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी बघेल को जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। आलम ने कहा कि बघेल की जनकल्याणकारी योजनाओं का ही परिणाम रहा, जब वैश्विक महामारी कोरोनाकाल में जनता के समक्ष स्वास्थ्य एवं अनाज संबंधी कोई समस्या खड़ी नहीं हुई। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सजग रहे बघेल ने गौमाता की रक्षा के साथ-साथ जैविक खेती के लिए गोबर खरीदी के लिए विशेष योजना तैयार की। नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी योजना से देहात इलाकों की तस्वीर बदली। नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा। आलम ने कहा कि राजनांदगांव की जनता ने हमेशा अपने विवेक से महत्वपूर्ण चुनावी फैसले लिए। जिसके चलते शिवेन्द्र बहादुर सिंह, मोतीलाल वोरा जैसे दिग्गज सांसदों ने राजनांदगांव का दिल्ली में मान बढ़ाया। राष्ट्रीय राजनीति में अब बघेल के चुनाव जीतने से वह गृहमंत्री जैसे अहम पद पर काबिज होकर संसदीय क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेंगे। आलम ने राजनांदगांव लोकसभा की जनता से भाजपा के जुमलों और वादों पर भरोसा नहीं करने की अपील की है। उन्होंने बघेल को चुनने के लिए 26 अप्रैल को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया है।

nandgaon times april-23-02.qxd 4/22/2024 11:57 PM Page 2



# कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सुविधा केन्द्र का किया अवलोकन

## अनिवार्य सेवा मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से किया गया मतदान, डाक मतपत्र के माध्यम से 24 अप्रैल तक किया जाएगा मतदान





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सुविधा केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से निर्वाचन करा रहे मतदान अधिकारियों से मतदान के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान करने आए कर्मचारियों से बातचीत भी की। निर्वाचन कार्य में लगे अनिवार्य सेवा मतदाताओं के लिए जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में 22 अप्रैल से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान 24 अप्रैल तक किया जाएगा।जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य निर्वाचन कार्य में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर आफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा गृह निर्वाचन क्षेत्र से दूर अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदाय की गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा उपस्थित थे।

# अनियमित कर्मचारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भूपेश बघेल को हराने का लिया प्रण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ सयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ एवं समस्त कर्मचारी संगठन भाजपा एवं प्रधानमंत्री जी पर अटल विश्वास करता है क्योंकि उन्होंने 100 दिन में कमेटी बनाने का वादा किया था जो की बन चुकी है। हमें पूर्ण विश्वास है कि मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में 100 दिन में बड़े निर्णय लेने की बात की है जिसमें भारत के विकास के साथ साथ हम कर्मचारियों को भी भरोसा है, क्योंकि मोदी जी जो बोलते हैं वह करते हैं । अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रवि गड़पाले ने कहा कि भूपेश बघेल के 5 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ ने जो काला अध्याय देखा है उससे समस्त कर्मचारी संगठन को समझ आ गया है भूपेश बघेल केवल छत्तीसगढ़िया लोगों को ठगने का काम किया है और हम अनियमित कर्मचारी के नेताओं का जीवन बर्बाद करने में भी कांग्रेस पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। हमारे साथियों के ऊपर जबरन एफआईआर दर्ज करवाए गए। सेंट्रल जेल तक भेजा गया है। झूठे जन घोषणा पत्र से पिछले बार कांग्रेस पार्टी ने सरकार तो बना ली लेकिन इस बार हमने अपनी भूल सुधार करते हुए बीजेपी का पूर्ण समर्थन किया। भूपेश बघेल तो वह नेता है जिन्होंने अपने ही साथियों का जीवन बर्बाद कर दिया है, चाहे हम सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर बिश्नोई, अनिल टुटेजा की बात करें या सूर्यकांत तिवारी,अनवर ढेबर समेत शराब घोटाला,कोयला घोटाला, गोठान घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव एप कमिशन से संबंधित लोगों की बात करें सारे लोग जेल में हैं। आज भी जो भूपेश बघेल का साथ देगा वह आगे चलकर जेल ही जाएगा। आगे कई विधायक और पूर्व विधायक के नंबर भी जेल जाने वालों के नाम में शामिल होने वाले हैं। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि केवल अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए हम




लोगों को जेल तक भेजा गया। जिससे आहत होकर समस्त कर्मचारी संगठन कर्मचारी/ अधिकारी एकजुट होकर भाजपा को समर्थन करने का निर्णय लिया और हम राजनांदगांव आकर भी जन-जन को बताएंगे कि अगर भूपेश बघेल पर भरोसा करेंगे तो आपके बच्चों का भविष्य भी गलत को गलत बोलने पर जेल की सलाखों के पीछे होगा। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ प्रदेश के 280000 अनियमित कर्मचारी अधिकारी के पूरे परिवार का समर्थन दिया है व कर्मचारियों के सहित उनके परिवार परिचित भी विधानसभा के तर्ज पर लोकसभा में भी जीत दिलवाले में प्रयास करेंगे और उनसे भविष्य में विश्वास भी होगा कि कर्मचारियों के हित पर काम करें ताकी कर्मचारियों का सपना पूरा हो सके।

पुलिस सुधार आंदोलनकारी निलंबित आरक्षक संजीव मिश्रा ने कहा कि भूपेश सरकार का काला अध्याय पुलिस परिवार ने देखा है बस्तर के आदिवासी जो पुलिस में है उनकी जायज मांगों के दमन के लिए झूठा राजद्रोह जैसे मामले तक पुलिस सिपाहियो पर लगाए गए और आदिवासी पुलिस परिवार के सदस्यों को अभनपुर में रात के अंधेरे में पिटवाया गया, 5 साल में पुलिस परिवार से वार्ता तक नहीं की गई, ऐसे कांग्रेस पार्टी का समर्थन तो पुलिस परिवार सोच भी नहीं सकता। हिटलर शाही चरम पर थी पिछले 5 सालों में , पुलिस की बदनामी जितने 5 सालों में हुई है छत्तीसगढ़ के इतिहास में नहीं हुई थी, नौबत यह आ गई थी कि पुलिस वालों को सर तक मुंडवाना पड़ा था, आज हमारे सिपाही साथी बस्तर में नक्सली खात्मे की ओर है तो आज भी कांग्रेस नक्सलियों का समर्थन कर रही है ना कि अपने जवानों का जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।इसलिए हम कांग्रेस पार्टी का बहिष्कार करते हैं और एक वोट भी न देने की कसम खाते हैं,और अनियमित कर्मचारी महासंघ के साथ कंधे से कंधा मिला कर लाखों पुलिस परिवार भी बीजेपी का पूर्ण समर्थन कर रहा है।

## पानी के एक एक बुंद के लिए तरस रहे करमतरा वासी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा डोंगरगांव लोकसभा क्षेत्र राजनादगाव के ग्राम करमतरा में इन दिनों पानी के लिए जुझ रहे है जिला से लगभग मात्र 13 किलोमीटर दूर ग्राम करमतरा जहां पर पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं वर्तमान समय लोकसभा चुनाव का दौरा लेकिन इन्हीं लोकसभा चुनाव के माहौल में पानी की समस्या गांव के लिए एक चुनावी समस्या खड़ा हो गया है इस ग्राम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे भी अपने चुनावी सभा कर कर चले गए लेकिन पानी की समस्या अभी भी बनी रही कोई ध्यान नही दिये।गांव में जल जीवन मिशन के तहत नया टंकी भी बन चुका है लेकिन अभी तक उसमें कनेक्शन नहीं हुआ है पुराना टंकी से ग्राम का काम चल रहा था लेकिन पानी भरने के लिए साथ नहीं दे रहे। पी एच ई विभाग आये थे लेकिन सिर्फ पूछ ताछ करके चले गये। क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू के क्षेत्रीय ग्राम है विधायक इस ओर कोई भी पहल नहीं किया है ग्राम पंचायत में 4 से दिन टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन वो 5 वा दिन से बंद हो गया वर्तमान में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई हैं ग्राम करमतरा में पानी की इतनी बड़ी गंभीर समस्या बनी हुई हैं वर्तमान में चुनावको देखते हुए पानी को एक मुद्दा बनकर रह गया है इस ग्राम में लगभग 1700 मतदाता है,यदि पानी की समस्या निराकरण नही हुआ तो वोट नही डालने की हिदायत दे रहे ग्रामीण। अब इस गांव में पानी की समस्या को लेकर शासन द्वारा कौन से पहल की जा रही है ये तो आने वाले समय ही निर्णय लेगा।

**लोक सभा चुनाव के पहले पानी की समस्या दूर करें,नही तो चक्काजाम करेंगे करमतरा वासी**

**पानी की समस्या दूर नही तो वोट नही देंगे करमतरा वासी**

# आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने अधिकारियों को दिये निर्देश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव के लिये राजनांदगांव लोकसभा हेतु सुचारू मतदान के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज निगम सीमाक्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके एवं तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये। मतदान केन्द्र निरीक्षण की कडी में आयुक्त श्री गुप्ता मतदान केन्द्र महेश्वरी भवन, भरकापारा स्कूल, चिखली स्कूल, नया व पुराना ढाबा स्कूल, मोतीपुर स्कूल एवं नवागांव स्कूल का जायजा लेकर तकनीकि अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्डो के मतदान केन्द्रों में सुचारू मतदान के लिये आवश्यक व्यवस्था मुहैया करावे, उन्होंने कहा कि जहॉ रैम्प नही है वहॉ रैम्प बनवाये, इसके अलावा बिजली, पानी तथा कुर्सी टेबल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे, मतदान केन्द्र क्रं., मतदाता संख्या आदि का स्पष्ट लेखन हो, गर्मी को ध्यान में रखते हुये स्कूल मैदान में टेण्ट लगावे। साथ ही मतदाता सहायता केन्द्र तथा संगवारी मतदान केन्द्र में भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान केन्द्रों के आस पास साफ सफाई की समुचित व्यवस्था के लिये स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्य में लगे अनिवार्य सेवा मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से डाले जा रहे वोट



## जिला कार्यालय में डाक मतपत्र के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य अनिवार्य सेवा में कार्यरत व्यक्तियों ने कलेक्टोरेट स्थित सुविधा केन्द्र में आज डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन कार्य के अनिवार्य सेवा में लगे ड्राइवर श्री कोमल यदु, श्री हरि यादव, श्री कृष्णा पटेल, श्री दिनू राम साहू और श्री दिलीप साहू ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्री कोमल यदु, श्री हरि यादव, श्री कृष्णा पटेल, श्री दिनू राम साहू और श्री दिलीप साहू ने बताया कि वे स्कूली वाहन चलाते हैं। जिनकी ड्यूटी निर्वाचन के अंतर्गत वाहन चालक के रूप में लगी है। सभी ड्राइवरों ने कहा कि डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का अवसर मिला है, हमें बहुत खुशी हो रही है। लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने का मौका मिला है, हमें बहुत अच्छा लग रहा है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने आए शिक्षा विभाग जिला बालोद के श्री लक्ष्मण साहू ने बताया कि उनका कार्यक्षेत्र बालोद जिले में हैं। उनकी निर्वाचन ड्यूटी मतदान अधिकारी-2 के रूप में लगी है। उन्होंने बताया कि उनका नाम संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के मतदाता सूची में है। श्री साहू ने कहा कि वे डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है। डाक मतपत्र नहीं होने से वे मतदान



प्रक्रिया से वंचित हो जाते, लेकिन डाक मतपत्र के माध्यम से उन्हें मतदान करने का मौका मिला। इसी तरह जिला बालोद में सेवा दे रहे श्री मनथीरराम साहू, दिलीप कुमार साहू और श्री कमल किशोर वैष्णव ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। डाक मतपत्र डालकर सभी कर्मचारियों ने नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य निर्वाचन कार्य में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है।

## सीए ब्रांच भिलाई ने टाइम एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया

**भिलाईनगर।** भिलाई सीए ब्रांच अंतर्गत सिकासा द्वारा टाइम एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सीए कीर्ति जोशी उपस्थित रहे, जिन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान समय का इस्तेमाल कैसे किया जाए, प्रश्नों के लिए कितना समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्ट्रेस और टाइम मैनेजमेंट के तथ्यों को समझाया सीए कीर्ति जोशी ने बताया कि ये दो अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण विषय हैं जो हर कोई जीवन में सामना करता है, और विशेष रूप से छात्रों के लिए अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। टाइम मैनेजमेंट एक कुशलता है जो हमें अपने समय को सही तरीके से प्रबंधित करने में मदद करती है।

**शुभांक**

**4-6-9**

**569-0 256-3**

**भाग्यांक**

**480 -2 459-8**

# निगम आयुक्त अधिकारियों के साथ गोल बाजार, गुड़ाखू लाईन क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखे

## बाजार में प्रतिदिन साफसफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने पसरा व दुकानदारों को समझाईस देने स्वच्छता टीम से कहा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ आज सुबह वार्ड नं. 26 व 27 में पैदल भ्रमण कर गोल बाजार क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर बाजार में प्रतिदिन साफ सफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने, समझाईस देने एक ओर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये वही निर्माण कार्य देख जल्द पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता से कहा। आयुक्त श्री गुप्ता गोल बाजार, गुडाखू लाईन क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर साफ सफाई देख स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से कहा कि चुकि बाजार भीड़ भाड वाला क्षेत्र है, इसे ध्यान में रखते हुये विशेष रूप से साफ सफाई कराया जाये, सभी कर्मचारी प्रतिदिन समय पर उपस्थित रहे तथा मेडिकल अवकाश पर रहने वाले सफाई कर्मी की मेडिकल बोर्ड से जॉच उपरांत ही अवकाश स्वीकृति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सब्जी पसरा वाले से झिल्ली पन्नी का



उपयोग नहीं करने समझाईस दे, वही फल व मछली पसरा वालों को साफसफाई रखने दुकान व्यवस्थित रखने व सड़े गले खाद्य पदार्थो का विक्रय नही करने समझाईस देवे। आयुक्त श्री गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गोल बाजार में हाईटेक शौचालय निर्माण के लिये खुले रूप में शौचालय निर्माण करने ड्राईंग डिजाईन तैयार कर चुनाव के बाद काम शुरू करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देश दिये। उन्होंने गुडाखू लाईन में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ सभी निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी तथा स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

nandgaon times april-23-02.qxd 4/22/2024 11:58 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) रोम निवासी निकोलो मनूची किसके शासनकाल का विवरण दिया था?
2) भारत छोड़ो आंदोलन के पूर्व ब्रिटिश सरकार ने गांधीजी सहित कांग्रेस नेताओं को बम्बई में गिरफ्तार करने की जो योजना बनाई थी, उसका नाम क्या था?
3) किस युग में भारत के दक्कन के पठार पर बेसाल्ट निर्मित लावा शैलों का निर्माण हुआ है?
4) यदि वार्षिक संघीय बजट लोकसभा द्वारा पारित नहीं होता, तो
5) हाल ही में बारहवीं बार राष्ट्रीय महिला कैरम का खिताब किसने जीता?

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) औरंगजेब (2) ऑपरेशन जीरो ऑवर (3) क्रिटेशियस युग (4) प्रधानमंत्री अपनी मंत्रिपरिषद का त्यागपत्र दे देता है (5) रश्मी

# रक्तदान महादान - मानव सेवा का लक्ष्य महान

## इंसान का रक्त नालियों में नही - इंसान की नाड़ियों में बहना चाहिये, मानव को एकत्व के सूत्र में बांधता - मानव एकता दिवस

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज निरंकारी राज पिता जी के पावन सानिध्य में मानव एकता दिवस का आयोजन सम्पूर्ण विश्व में 24 अप्रैल 2024 बुधवार को किया जायेगा। यह दिन युग प्रवर्तक बाबा गुरू बचनसिंह जी के परोपकारी जीवन एवं उनकी कल्याण की भावना को समर्पित है इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बाबा गुरू बचन सिंह एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेते हुए सदगुरू के अमोलक वचन भी श्रवण करेंगे।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी श्री जोगेन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरू की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समुचे विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जावेगा जिसमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदाता, रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। राजनांदगांव संत निरंकारी मण्डल के संयोजक रूपलाल जी राजवानी की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्त संग्रहित करने के लिये राजनांदगांव जिला चिकित्सालय के डॉ. एवं उनकी पूरी टीम सहयोग करने के लिये तत्पर है, संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग राजनांदगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन पिछले 14 सालों से किया जा रहा है पिछले साल रक्तदाताओं से



115 युनिट रक्तदान किया गया था जो कि जिला चिकित्सालय में जमा कर दिया गया था। युग प्रवर्तक बाबा गुरू बचन सिंह जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता के कल्याणार्थ समर्पित किया, उन्होंने ब्रम्हज्ञान की दिव्य अनुभूति द्वारा मानव को मानव से जोड़कर प्रेम और मिठास की सदा बहने वाली निर्मल धारा को प्रवाहित कर हर दिल में अपना स्थान बनाया। प्रत्येक भक्त के जीवन को वास्तविक रूप से एक व्यवहारिक दिशा प्रदान की जिसके लिये मानवता उनकी सदैव ही ऋणी रहेगी। उनकी इन्ही दिव्य सिखलाईयों को वर्तमान में सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज, समय के प्रकाश पूंज रूप में प्रवाहित कर रहें है जिसकी रोशनी से हर मानव अपने जीवन का सकारात्मक रूप में कल्याण कर रहा है। युग दृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा सन् 1986 से आरंभ हुई यह परोपकार का यह मुहिम महाअभियान के रूप में आज अपने चरमोत्कर्ष पर है। इन शिविरों में अभी तक 13,31,906 युनिट रक्त मानव मात्र की भलाई हेतु दिया जा चुका है और यह सेवाऐ निरन्तर जारी है। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी एवं जनता जनार्दन से अपील की है कि जिस किसी भाई बहन को निःस्वार्थ रक्तदान करना हो वह सुबह 10 बजे निरंकारी सत्संग भवन लालबाग हेमू कालाणी नगर में आकर पंजीयन करा सकते है। सतगुरू बाबा हरदेव सिंह जी महाराज हमेशा अपने अमृतमय प्रवचनों में कहा करते थे कि इंसान का रक्त इंसान की नाड़ियों में बहना चाहिये - नालियों में नही।

# फार्महाउस में मिली चौकीदार की अधजला लाश

**रायपुर।** बिलासपुर के एक फार्म हाउस में चौकीदार की लाश संदिग्ध हालत में जली हुई मिली है। मौके पर मिले चाकू व धारदार हथियार में खून के निशान व दीवारों पर खून के छींटे देखकर पुलिस को शक है कि उसकी हत्या कर पैरा डाल कर लाश कोजला दिया गया है। आशंका है कि हत्यारों ने साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाया होगा। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है। ग्राम बेलटुकरी में ओंकार नाम से फार्म हाउस है। गांव की बस्ती से दूर फार्म हाउस में रामफल यादव (45) चौकीदारी करता था। यहां वह अकेले रहता था। उसके परिवार के सदस्य गांव के घर पर रहते हैं। रविवार को गांव के कुछ लोग फार्म हाउस तरफ गए, तब उन्हें कुछ जलने का आभास हुआ। अंदर जाकर देखने पर उनके होश उड़ गए। फार्म हाउस के अंदर लाश बुरी तरह जली पड़ी थी। लोगों ने इस घटना की जानकारी रामफल के परिजन और पुलिस को दी। शव की पहचान रामफल के रूप में की गई है। पुलिस इस मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

## निधन



**श्री बी. एल. मारू**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा संचालित मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ एवं लोक कलाकारों के उत्थान के लिए गठित मितान लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री राजेश मारू के बड़े भाई श्री बी. एल. मारू का आज 22 अप्रैल को दोपहर में 76 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे पूर्व में नगर निगम द्वारा संचालित सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला में सहायक ग्रेड-2 के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। काफी मिलनसार व आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले श्री बी.एल. मारू के निधन से परिचितों में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार आज लखोली मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बर्फानी सेवाश्रम समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के अलावा सामाजिक बंधु, मोहल्लेवासी और अन्य संस्थाओं के सदस्यों ने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किए।

## निधन



**श्रीमती अंजलि साहू**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** म्युनिस्पल स्कूल के पूर्व प्राचार्य स्व. के.पी. साव की धर्मपत्नी श्रीमती अंजली साव (89वर्ष) का आज प्रातः निधन हो गया। विवेकानंद नगर निवासी अंजली धार्मिक प्रवृत्ति की रही। दोपहर बाद उकना अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में गणतान्य नागरिक, शिक्षकों के अलावा स्वजातीज लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंजली साव अपने पीछे दो पुत्रों मिलिंद साव (व्याख्याता, कन्हारपुरी हाईस्कूल) एवं मुकुल साव (प्राचार्य, बीटीआई) के अलावा अंशुल-अविरल साव का भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# युगांतर में उद्यमिता के गुणों को विकसित करने के लिए हुई कार्यशाला



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में लॉ ग्रेजुएट विद्यालय के पूर्व छात्र लक्षित सेठिया ने कक्षा बारहवीं के साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता तथा स्टार्ट अप उद्यमों की जटिलता विषय पर एक कार्यशाला संचालित की। उन्होंने इस कार्यशाला के गतिशील सत्र को प्रभावशाली ढंग से संचालित करते हुए सर्वप्रथम स्वयं की सफलता की यात्रा वर्णन किया। उन्होंने बताया कि आप सभी इससे प्रेरणा ले सकते हैं। उभरते उद्यमियों के लिए यह आवश्यक है कि वह हमेशा सकारात्मक विचारों से परिपूर्ण रहे। आगे उन्होंने उद्यमिता के गुणों को विकसित करने के लिए आवश्यक सिद्धांत साझा किए। उन्होंने प्रभावशाली सत्र के दौरान सफल स्टार्टअप संस्थापक के रूप में स्वयं के अनुभवों को साझा किया, जिसमें उन्होंने रास्ते में आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए विजय प्राप्त करने की स्वयं की कहानी बताई। उन्होंने बताया कि डिजिटल मार्केटिंग, नेटवर्किंग और मजबूत जनसंपर्क बनाने जैसे क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता ने सभी जनमानस को मंत्रमुग्ध और प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उनसे विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे। उन्होंने सफल व्यवसाय स्थापित करने और उसे बनाए रखने का व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त किया। लक्षित सेठिया के प्रभावशाली सत्र ने उपस्थित विद्यार्थियों के बीच उद्यमिता के गुणों को विकसित करने के लिए एक नया उत्साह जगाया । उनमें नवाचार और नेतृत्व के गुणों को विकसित किया। युगांतर के पूर्व छात्र लक्षित सेठिया ने विद्यालय के ज्ञानवर्धक योगदान को याद किया। उन्हें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सदैव प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी उद्यमशीलता यात्रा सफलतापूर्वक शुरू करने के लिए विद्यालय का हार्दिक आभार माना । इस कार्यशाला को आयोजित करने में दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पोनुगोटी, निदेशक पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, भावा रमेश पीजीटी कॉमर्स, शुभम पाण्डे पीजीटी कॉमर्स, रिंकी भारद्वाज पीजीटी कॉमर्स उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का संचालन अंग्रेजी की अध्यापिका शालिनी नायर ने प्रभावी ढंग से किया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा सहित युगांतर परिवार ने कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजित होने पर हर्ष प्रकट किया है।

## कबीरधाम जिले में दिव्यांग और 80 प्लस 527 मतदान केन्द्रों के लिए निः शुल्क 199 परिवहन की व्यवस्था

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय परिसर से दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के नागरिकों को मतदान स्थल तक लाने-ले जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा मतदान रथ को हरी झंडी दिखाकर रावाना किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कबीरधाम जिले में दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) मतदाताओं के लिए 527 मतदान केन्द्रों को चिन्हांकित किया गया है। इन 527 मतदान केन्द्रों में 199 निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री महोबे ने आज जिले के सभी चार विकासखंड मुख्यालय के लिए कुल 08 विशेष रथ को रावाना किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि मतदान दिवस के दिन 1950 में डायल कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) उम्र के मतदाता इस निःशुल्क मतदाता रथ का लाभ ले सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि विकासखंड मुख्यालय के अलावा जिन-जिन ग्राम पंचायतों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) के मतदाता निवासरत् है, ऐसे मतदाता स्थानीय सचिव से संपर्क कर मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क रथ (वाहन) सुविधा का लाभ ले सकते है। चिन्हांकित मतदाताओं को सूचना देने के लिए ग्राम सचिव को विशेष जिम्मेदारी दी गई है।

# रायपुर ओपन कराते स्पर्धा में गायत्री का शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रायपुर के दिशा पब्लिक स्कूल में 13 व 14 अप्रैल को कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हमारी संस्था जेएलएम गायत्री विद्यापीठ के कराते खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। शाला के कराते प्रशिक्षक जयप्रकाश साहू ने उक्त स्पर्धा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस स्पर्धा में कुल 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें हमारी शाला के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, 6 कांस्य तथा 6 कांस्य पदक प्राप्त करते कुल 24 पदकों पर कब्जा कर ओव्हरआल तीसरा स्थान प्राप्त कर शाला के साथ-साथ संस्कारधानी को भी गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर प्रार्थना सभा में प्राचार्य श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, प्रभारी प्राचार्य श्री अमित उत्तलवार व उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर के द्वारा खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र तथा मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। पदक विजेता खिलाड़ी इस प्रकार है- स्वर्ण पदक विजेता- मौर्य रजक, अवनी खंडेलवाल, भव्य रजक, खुश चावड़ा, अदिती ठाकुर, रूद्र सराफ, योजस्व साहू, भावेश खरे, गौरव ठाकुर, सिद्धांत मूंदड़ा, सुहानी भिवगढें व गोपिका चौहान। रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में याना खंडेलवाल, मोक्ष साहू, लावण्या वैष्णव, अदिती ठाकुर, सिद्धांत मूंदड़ा, आस्था कावरें रही। इसी प्रकार कांस्य पदक विजेता में वारीया टेम्बेकर, खुशाल जायसवाल, मोक्ष साहू, अथर्व साहू, रूद्र सराफ व रोशनी ठाकुर रही। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी के साथ-साथ शाला के प्रभारी प्राचार्य श्री अमित उत्तलवार, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




## धर्म समाचार....

# चैत्र पूर्णिमा पर राशि अनुसार करें इन चीजों का दान, बन जाएंगे सारे बिगड़े काम





शास्त्रों में निहित है कि चैत्र पूर्णिमा तिथि पर भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्म हुआ है। इस दिन राम परिवार संग हनुमान जी की विशेष पूजा-उपासना की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि भगवान राम के परम भक्त हनुमान जी की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल को है। इस दिन हनुमान जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान कर पूजा-पाठ, जप-तप और दान करने का विधान है। अतः बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाते हैं और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। इसके पश्चात आर्थिक स्थिति के अनुरूप दान-पुण्य करते हैं। पूर्णिमा तिथि पर पूजा, जप-तप और दान-पुण्य करने से साधक को अमोघ फल की प्राप्ति होती है। अगर आप भी भगवान विष्णु की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो चैत्र पूर्णिमा तिथि पर स्नान-ध्यान, पूजा-जप के बाद राशि अनुसार दान अवश्य करें।

**राशि अनुसार दान**

मेष राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर लाल रंग के कपड़े, मसूर दाल, मूंगफली आदि चीजों का दान करें।
वृषभ राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा के दिन मिश्री, चीनी, मखान और सफेद रंग की मिठाई का दान करें।
मिथुन राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर गौ माता के चारा हेतु गौशाला में अर्थ यानी धन का दान करें।
कर्क राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर दूध, दही, चावल चीनी आदि चीजों का दान करें।
सिंह राशि के जातक भगवान विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए गेहूं और गुड़ का दान करें।
कन्या राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर मौसमी फल एवं सब्जी का दान करें।
तुला राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर सफेद वस्त्र का दान करें। आप चाहे तो जरूरतमंद लोगों को चावल का दान करें।
वृश्चिक राशि के भगवान विष्णु का आशीर्वाद पाने हेतु राहगीरों के मध्य शरबत का वितरण करें।
धनु राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर केसर मिश्रित दूध राहगीरों को पिलाएं।
मकर राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर छाता, चमड़े के चप्पल और जूते का दान करें।
कुंभ राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर उड़द की दाल, काले तिल, काले रंग के वस्त्र का दान करें।
मीन राशि के जातक चैत्र पूर्णिमा पर चना दाल, हल्दी, बेसन आदि चीजों का दान करें।

## त्रेता युग में मंगलवार को प्रकट हुए थे हनुमान:23 अप्रैल को हनुमान जी के प्रकट उत्सव पर सरल स्टेप्स में ऐसे कर सकते हैं पूजा



मंगलवार, 23 अप्रैल को श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी का प्रकट उत्सव है। त्रेता युग में चैत्र पूर्णिमा पर ही शिव जी ने अंशावतार के रूप में केसरी और अंजनी के यहां जन्म लिया था। उस दिन भी मंगलवार ही था। इस बार भी मंगलवार को ही ये उत्सव मनाया जाएगा। 23 तारीख को चैत्र मास खत्म हो जाएगा और वैशाख मास के स्नान शुरू हो जाएंगे। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जी के साथ ही विष्णु जी और उनके अवतारों की विशेष पूजा जरूर करें। शिव जी का अभिषेक करें। पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण की कथा भी पढ़नी और सुननी चाहिए। जानिए इस दिन हनुमान जी की पूजा सरल स्टेप्स में कैसे कर सकते हैं... हनुमान जी के प्रकट उत्सव पर सुबह स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। सूर्य देव हनुमान जी के गुरु हैं। इनकी पूजा से हनुमान जी भी प्रसन्न होते हैं। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद घर के मंदिर में गणेश पूजा करें। गणेश जी को स्नान कराएं। हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। दूर्वा चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। गणेश पूजन के बाद राम दरबार के साथ हनुमान जी का अभिषेक करें। हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाएं। पूजन सामग्री अर्पित करें। भगवान के सामने धूप-दीप जलाएं। हार-फूल चढ़ाएं। मिठाई का भोग लगाएं। पूजा में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए। आप चाहें तो हनुमान जी के मंत्र ऊँ रामदूताय नमः का जप कर सकते हैं। मंत्र जप कम से कम 108 बार करना चाहिए।

**चैत्र पूर्णिमा पर कर सकते ये शुभ काम**- चैत्र पूर्णिमा पर गंगा, यमुना, शिप्रा, कावेरी, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। अपने शहर के पास कोई नदी हो तो वहां स्नान कर सकते हैं। अगर नदी में स्नान करना संभव नहीं है तो अपने घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों को धन के साथ ही अनाज, जूते-चप्पल, कपड़े, छाते का दान कर सकते हैं। किसी गोशाला में गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें।

nandgaon times april-23-02.qxd 4/22/2024 11:58 PM Page 4






# कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चलाया जा रहा विशेष स्वीप अभियान, शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित










**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम राजनांदगांव जिले में कई हफ्तों से जारी है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विशेष स्वीप अभियान के तहत आज राजनांदगांव शहर के कौरिनभाठा, लखोली और चिखली में स्वीप स्क्वाड द्वारा स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत डोंगरगांव के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में भी स्वच्छता दीदियों द्वारा स्वीप संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में कम मतदान होने के कारणों का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण के बाद संबंधित जनपद सीईओ और सीएमओ से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में सुझाव लिए गए। कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों में स्वीप स्क्वाड द्वारा मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाया जा रहा है और मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। स्वीप स्क्वाड में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम के अधिकारी शामिल है। कार्यक्रम में सीएमओ डोंगरगांव, एबीईओ रश्मि ठाकुर का भी सहयोग रहा।

# जंगहा तलवार लहराकर लोगों को डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जंग लगा तलवार लेकर आम लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 21 अप्रेल दिन रविवार को सूचना मिला की इंदिरा नगर डोंगरगढ़ निवासी अशोक कुमार मंडावी पिता स्व0 प्रेमलाल मंडावी उम्र- 27 साल करबला चौक डोंगरगढ़ के पास अपने पास लोहे का धारदार तलवार रखकर लोगों को दिखाकर लहराकर डरा धमका रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पंहुचकर आरोपी अशोक कुमार मण्डावी को तलवार लहराकर लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी से एक नग लोहे का धारदार तलवार को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# धर्मनगरी में आज श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजित



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** माई की नगरी डोंगरगढ़ में श्री हनुमान युवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारी में हनुमान भक्त जुटे हैं जिसमें शहर को भगवा तोरण, झंडे,महावीर मंदिर प्रांगण को स्वागत गेट लाइट से सजाया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय आयोजन है। जिसमे आज 23 अप्रैल दोपहर 12 बजे महाआरती मूंछ वाले हनुमान जी महाराज महावीर मंदिर प्रांगण में आयोजित व रात्रि 7 बजे संगीतमय हनुमान चालीसा का आयोजन श्री हनुमान चौक में किया जाना तय किया गया है समिति के हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजन का 11वां वर्ष है हनुमान जन्मोत्सव को नगर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे सर्व समाज, सर्व हिन्दू संगठन समस्त राजीनीति संगठनों व नगर की माताओं बहनों व भाइयों से सहपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है। समिति के हनी गुप्ता ने की अपील - श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर का उत्सव व नगर का आयोजन है हम सब की यह जिम्मेदारी है कि तीन दिवसीय आयोजन के अवसर पर कोई भी व्यक्ति नशा,मंदिरा का सेवन न करे आयोजन में पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष वर्ग व महिलाएं शामिल हो अस्त्र शस्त्र का उपयोग शोभायात्रा में न करे शोभायात्रा व रैली में सनातन संस्कृति व सभ्यता का परिचय अन्य जगहों ओर जाये यह हम सब का प्रयास रहे 550 वर्षो के संघर्षों के बात राम लल्ला का राम मंदिर बना है पूरे भारत मे राममय वातवरण बना है ऐसे समय मे समस्त सनातन प्रेमियों को जाति धर्म का भेद भाव छोड़ संगठित होकर एक होकर यात्रा में शामिल होना चाहिए ताकि हमारे धर्मनगरी की ओर से एकता का संदेश अन्य शहर में जाये। शोभायात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र- भव्य शोभायात्रा में जय बजरंग अखाड़ा,हंसराज धुमाल धमतरी, राम दरबार व उत्तर प्रदेश की हनुमान लीला राम दरबार साथ ही आंध्रा प्रदेश के हनुमान जी की झांकी सन्ध्या 05 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण के लिये निकलेगी व नगर वासियो को देखने को मिलेगी। संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ - 23 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव के रात्रि 7 बजे श्री हनुमान चौक में संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया है इस पाठ में शामिल होने वाले भक्त अपना रजिस्ट्रेशन बबली नामदेव सम्पर्क सूत्र 98261 76878 करा सकते है जिसमे संकल्प देकर पाठ कराया जाएगा इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में श्री हनुमान भक्त भंडारा समिति व शक्ति वाहिनी समिति आप सभी नगर वासियो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील करती है।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com